# हिंदी गद्य साहित्य का विकास

1. हिंदी शब्द का विकास किस शब्द से हुआ है?

a. सिंधु
b. सिंधी
c. हिंदी
d. हिंदवी

2. सिंधु का हिंद किस भाषा के अंतर्गत होता है?

a. फारसी
b. अरबी
c. ग्रीक
d. जर्मन

3. हिंद हिंदू हिंदी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

a. आर्यों ने

b. ईसाइयों ने

c. यहूदियों ने

d. मुसलमानों ने

4. बजरोया (छठी शताब्दी) के 'जबान ए हिंदी' में हिंदी शब्द का क्या अर्थ है?

a. हिंदी भाषा

b. भारत

c. भारत उपर्युक्त दोनों

d. कोई सही नहीं

5. खुसरो की 'खालिकबारी' में भाषा के लिए किस किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

a. हिन्दवी

b. हिंदी

c. हिन्दीक

d. इनमें से कोई नहीं

6. भाषा विज्ञान में 'हिन्दी' कितनी बोलियों का प्रतिनिधित्व करती है?

a. अठाइस

b. आठ

c. सत्रह

d. अठारह

7. व्यापक अर्थ में हिन्दी कितनी बोलियों का प्रतिनिधित्व करती है?

a. आठ

b. बारह

c. अठारह

d. चार

8. खड़ी बोली गद्य में रचना प्रारम्भ होती है -

a. 10वीं शती

b. 13वीं शती

c. 14वीं शती

d. 11वीं शती

9. राजस्थानी गद्य का आरंभिक रूप किस समय से मिलता है?

a. 17वीं शती

b. 13वीं शती

c. 10वीं शती

d. 11वीं शती

10. व्रजभाषा गद्य का आरम्भिक रूप मिलता है?

a. 14वीं शती से

b. 10वीं शती से

c. 11वीं शती से

d. 17वीं शती से

11. राजस्थानी गद्य मिलता है?

a. मौलिक और अनूदित ग्रन्थों में

b. टीकाओं में

c. कवियों की निजी रचनाओं में बीच-बीच में टीका के रूप में

d. उपर्युक्त सभी रूपों में

12. व्रजभाषा गद्य की अखण्ड परम्परा चलती है –

a. भक्ति कालीन कृष्ण भक्त कवियों से

b. विद्यापति की पदावली से

c. गोरखनाथ से

d. लल्लूलाल से

13. व्रजभाषा गद्य की पुस्तक 'श्रृंगाररस मंडन' के रचनाकार हैं?

a. गोकुलनाथ

b. विट्ठलनाथ

c. वैकुण्ठमणि

d. नाभादास

14. दक्खिनी हिन्दी गद्य की प्राचीनतम पुस्तक 'मेराजुल आशिकीन' के लेखक हैं–

a. मुल्लावजही

b. बन्दानेवाज गेसूदराज

c. कुतुबशाह

d. सैयद हुसैन

15. मुल्लावजही की गद्यकृति है –

a. कुतुबमुश्तरी

b. शिकारनामा

c. सबरस

d. इनमें से सभी

16. आदिकालीन गद्य रचना 'कुवलयमालाकथा' के रचयिता कौन हैं?

a. सोमप्रभ सूरि

b. उद्योतन सूरि

c. शालिभद्र सूरि

d. गोरखनाथ

17. रोडा कृत गद्य की रचना है –

a. राउलवेल

b. उक्तिव्यक्तिप्रकरण

c. सबरस

d. लतायफे हिन्दी

18. किस आदिकालीन रचना में गद्य का प्रयोग हुआ है?

a. उक्तिव्यक्ति प्रकरण

b. कीर्तिलता

c. वर्णरत्नाकर

d. उपर्युक्त सभी में

19. हिन्दी गद्य का प्राचीनतम रूप किस भाषा रूप में मिलता है?

a. राजस्थानी भाषा

b. व्रजभाषा

c. मैथिली भाषा

d. खड़ीबोली

20. आचार्य शुक्ल ने 'खड़ीबोली गद्य' की प्रथम रचना किसे माना है?

a. चन्द छन्द बरनन की महिमा

b. भाषायोगवाशिष्ठ

c. प्रेमसागर

d. रानी केतकी की कहानी

21. आचार्य शुक्ल ने खड़ीबोली गद्य का प्रथम प्रौढ़ लेखक किसे माना है?

a. गंग कवि

b. दौलतराम

c. रामप्रसाद निरंजनी

d. इंशाल्लाह

22. रामप्रसाद निरंजनी की रचना कौन-सी है?

a. भागवंती

b. प्रेमसागर

c. सुखसागर

d. भाषायोगवाशिष्ठ

23. मिश्रबन्धुओं ने हिन्दी का प्रथम गद्य-लेखक किसे माना है?

a. लल्लूलाल

b. रामप्रसाद निरंजनी

c. गोरखनाथ

d. ज्योतिरीश्वर ठाकुर

24. गोविन्द राजगुरु ने 'भाषायोगवाशिष्ठ' को किस लिपि में लिखा हुआ बताया है?

a. फारसी लिपि

b. खस लिपि

c. गुरुमुखी लिपि

d. कुटिल लिपि

25. दौलतराम जैन द्वारा लिखी गद्य की पुस्तक कौन है?

a. सत्यार्थप्रकाश

b. विष्णुपुराण

c. हरिवंशपुराण

d. पद्मपुराणवचनिका

26. आचार्य शुक्ल के अनुसार ब्रजभाषा-गद्य का सर्वप्रथ प्रयोग किसने किया?

a. गोरखपंथी योगियों ने

b. कबीर ने

c. सूरदास ने

d. नाभादास ने

27. 'भाषा योगवाशिष्ठ' की रचना किस वर्ष हुई ?

a. 1818 ई.

b. 1741 ई.

c. 1781 ई.

d. 1766 ई.

28. दौलतराम ने हरिषेणाचार्य कृत 'जैन पद्मपुराण' का भाषानुवाद किस वर्ष किया?

A. सन् 1818 ई. B. सन् 1766 ई.

C. सन् 1741 ई. D. सन् 1781 ई.

29. खड़ी बोली को अंग्रेजों द्वारा आविष्कृत किसने माना है?

A. रामचन्द्र शुक्ल B. श्यामसुन्दर दास

C. ग्रियर्सन D. मिश्रबन्धु

30. आचार्य शुक्ल ने गद्य के आरम्भिक चार उन्नायकों में जिनका उल्लेख किया है उनमें कौन हैं ?

A. सदासुखलाल B. इंशाअल्ला खाँ

C. सदल मिश्र D. उपर्युक्त सभी

31. भागवत पुराण का अनुवाद 'सुखसागर' नाम से किसने किया?

A. सदासुखलाल B. इंशाअल्ला खाँ

C. सुखराम D. सदल मिश्र

32. 'सुरासुरनिर्णय' किसकी रचना है?

A. रामप्रसाद निरंजनी B. इंशाअल्ला खाँ

C. मुंशी सदासुखलाल D. सदल मिश्र

33. 'सुखसागर' के रचयिता हैं.

A. नाभादास B. सदासुखलाल

C. सदल मिश्र D. इंशाअल्ला खाँ

34. 'मुंत्तखबुत्तवारीख' किसकी पुस्तक है?

A. दौलत राम B. सदल मिश्र

C. इंशाअल्ला खाँ D. सदासुख लाल

35.सदासुखलाल कहाँ के निवासी थे ?

A. दिल्ली B. आरा (बिहार)

C. आगरा (उ.प्र.) D. लखनऊ (उ. प्र. )

36. 'ज्ञानोपदेश' पुस्तक के लेखक हैं.

A. सदल मिश्र B. सदासुखलाल

C. लल्लूलाल D. रामप्रसाद निरंजनी

37. इंशाअल्ला खाँ दिल्ली के उजड़ जाने पर कहाँ निवास करने लगे थे?

A. आगरा B. इलाहाबाद

C. लखनऊ D. दिल्ली

38. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं

A. सदल मिश्र B. लल्लूलाल

C. इंशाअल्ला खाँ D. सदासुखलाल

39. 'रानी केतकी की कहानी' किस शैली में लिखी गयी है?

A. उर्दू शैली B. हास्यात्मक शैली

C. विवेचनात्मक शैली D. काव्यात्मक शैली

40. "एक दिन बैठे बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिए, जिसमें हिन्दी की छुट और किसी बोली का पुट न मिले" पंक्ति किसकी है?

A. सुखलाल B. सदल मिश्र

C. इंशाअल्ला खाँ D. आचार्य शुक्ल

41. 'रानी केतकी की कहानी' की भाषा है?

A. खड़ीबोली B. हिन्दुस्तानी

C. व्रजभाषा D. संस्कृत

42. 'उदयभानचरित' के लेखक हैं-

A. इंशाअल्ला खाँ B. लल्लूलाल

C. सदासुखलाल D. सदल मिश्र

43. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस लेखक की भाषा के लिए 'चटकीली, मटकीली, मुहावरेदार और चलती है' विशेषणों का प्रयोग किया है?

A. सदल मिश्र B. सदासुखलाल

C. लल्लूलाल D. इंशा अल्ला खाँ

44. 'फोर्ट विलियम कालेज' की स्थापना किस वर्ष हुई?

A. 1800 ई. में B. 1809 ई. में

C. 1802 ई. में D. 1792 ई. में

45. कलकत्ता में 'फोर्ट विलियम कालेज' के संस्थापक थे -

A. गिलक्राइस्ट B. मार्क्विस वेलेजली

C. सदल मिश्र D. डलहौजी

46. 'फोर्ट विलियम कालेज' की स्थापना का प्रत्यक्ष उद्देश्य था

A. कम्पनी के कर्मचारियों को शिक्षा देना जिससे शासन सुचारु रुप से चलाया जा सके।

B. हिन्दी भाषा का विकास करना।

C. अंग्रेजी ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना

D. संस्कृत भाषा का ज्ञान पुनः प्रचारित करना।

47. फोर्ट विलियम कालेज में हिन्दुस्तानी भाषा का अध्यक्ष नियुक्त किये गये.

A. गार्सा द तासी B. गिलक्राइस्ट

C. लल्लूलाल D. वेलेजली

48. गिलक्राइस्ट किस लिपि के पक्षपाती थे?

A. फारसी B. रोमन

C. नागरी D. नन्दनागरी

49.हिन्दी के प्रचार-प्रसार में ईसाइयों का योगदान किस रूप में है?

A. स्कूल स्थापना

B. प्रेस की स्थापना

C. हिन्दी पुस्तकों का लेखन

D. बाइबिल का हिन्दी में अनुवाद कराकर प्रचारित करना

50. 'फोर्ट विलियम कालेज' में 'भाषा मुंशी' कौन था?

A. इंशाअल्ला खाँ B. लल्लूलाल

C. गिलक्राइस्ट D. ग्रियर्सन

51. लल्लूलाल द्वारा लिखित कुल पुस्तकों की संख्या कितनी है?

A. 11 B. 15

C. 16 D. 12

52. लल्लूलाल की सर्वप्रसिद्ध पुस्तक है

A. चन्द्रावती B. उदयभानचरित

C. प्रेमसागर D. मसादिरेभाषा

53. आचार्य शुक्ल ने किस पुस्तक के गद्य को 'कथावार्ता' के काम का बताया है?

A. प्रेमसागर B. राजनीति या वर्तिका

C. चन्द्रावती D. भाषायोगवाशिष्ठ

54. 'माधवविलास' के रचनाकार कौन हैं?

A. लल्लूलाल B. सदल मिश्र

C. इंशाअल्ला खाँ D. सदासुखलाल

55. लल्लूलाल की व्रजभाषा गद्य रचना कौन सी है?

A. प्रेमसागर B. लालचन्द्रिका

C. राजनीति (हितोपदेश) D. सभी

56. फोर्ट विलियम कालेज में 'भाषामुंशी' लल्लूलाल कहाँ के रहने वाले थे?

A. बनारस B. आगरा

C. दिल्ली D. आरा

57. किस रचनाकार के गद्य को 'वृत्तगंधीगद्य' कहा जाता है?

A. सदल मिश्र B. राजा लक्ष्मण सिंह

C. आचार्य शुक्ल D. लल्लूलाल

58. लल्लूलाल द्वारा 'बिहारी सतसई' की टीका खड़ीबोली में किस नाम से लिखी गयी?

A. लालचन्द्रिका B. विद्यादर्पण

C. माधोविलास D. भाषाकायदा

59. 'सभाविलास' के लेखक हैं

A. सदल मिश्र B. शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'

C. लक्ष्मण सिंह D. लल्लूलाल

60. लल्लूलाल ने 'प्रेमसागर' की रचना किस भाषा में की?

A. व्रजभाषा गद्य में B. खड़ीबोली गद्य में

C. संस्कृत गद्य में D. मैथिली गद्य में

61.सदल मिश्र कहाँ के निवासी थे ?

A. आगरा B. रायबरेली

C. आरा D. इलाहाबाद

62. 'नासिकेतोपाख्यान' के रचयिता हैं –

A. सदल मिश्र B. इंशाअल्ला खाँ

C. रामप्रसाद निरंजनी D. दौलतराम

63. 'नासिकेतोपाख्यान' का दूसरा नाम क्या है?

A. उदयभानचरित B. चन्द्रावती

C. मसादि रे भाषा D. इनमें से कोई नहीं

64.सदल मिश्र की भाषा की विशेषता है –

A. पूर्वीपन B. उर्दू की प्रमुखता

C. सहज एवं प्रवाहमयी भाषा D. किस्सागोई

65. 'नासिकेतोपाख्यान' की कथा आधारित है

A. कृष्ण यजुर्वेद कथा B. कठोपनिषद् कथा

C. ब्राह्मण ग्रन्थ D. रामायण कथा

66. दैनिक 'बाम्बे समाचार' कहाँ से प्रकाशित हुआ?

A. मुंबई B. गुजरात

C. कलकत्ता D. पुणे

67. पंजाब में हिन्दी का प्रचार कौन कर रहा था?

A. फिरदौसी B. नवीनचन्द्र राय

C. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर D. स्वामी विवेकानन्द

68. श्रद्धाराम फिल्लौरी की गद्यकृति कौन सी है ?

A. कथासार B. भूगोलसार

C. सत्यामृतप्रवाह D. हिन्दी भाषा

69. 'बनारस संस्कृत कालेज' की स्थापना किस वर्ष हुई?

A. 1780 ई. B. 1791 ई.

C. 1795 ई. D. 1800 ई.

70. 'वुड घोषणा पत्र' कब प्रकाशित हुआ?

A. सन् 1854 B. सन् 1850

C. सन् 1857 D. सन् 1851

71. 'विश्व धर्म संसद' में भाग लेने के लिए विवेकानन्द शिकागो कब गये थे?

A. 1793 ई. B. 1896 ई.

C. 1893 ई. D. 1900 ई.

72. सितारे हिन्द की पुस्तक 'राजाभोज का सपना' किसके निबंध का अनुवाद माना गया है?

A. मिस हेनरी B. मिस हेलेन

C. थामस एडिसन D. मिस सी.एम. टक्कर

73.राजा शिवप्रसाद किस प्रकार की भाषा के समर्थक थे?

A. आम फहम भाषा तथा नागरी लिपि

B. संस्कृतनिष्ठ

C. उर्दू

D. अरबी-फारसी बहुल

74.'आलसियों का कोड़ा' किसकी रचना है?

A. लल्लूलाल B. शिवप्रसाद सितारेहिन्द

C. सदल मिश्र D. इंशाअल्ला खाँ

75.'इतिहासतिमिरनाशक' किसकी रचना है?

A. शिवप्रसाद सितारेहिन्द B. राजा लक्ष्मण सिंह

C. सदासुख राय D. लल्लूलाल

76.'भूगोल हस्तामलक' ग्रन्थ के रचयिता हैं -

A. शिवप्रसाद सितारेहिन्द B. राजा लक्ष्मण सिंह

C. श्रद्धाराम फिल्लौरी D. नवीनचन्द्र राय

77. 'अभिज्ञान शाकुन्तल' का विशुद्ध हिन्दी (खड़ी बोली गद्य) में अनुवाद किसने किया?

A. राजा लक्ष्मण सिंह B. राजा सितारेहिन्द

C. सेवक दास D. गोपालचन्द्र गिरिधरदास

78. राजा लक्ष्मण सिंह की गद्यशैली थी

A. अरबी-फारसी बहुल

B. अंग्रेजी शब्दावली बाहुल

C. संस्कृतनिष्ठ हिन्दी

D. इनमें से कोई नहीं

79. हिन्दी को संयुक्त प्रान्त में कचहरियों की भाषा कब बनाया गया?

A. 1902 में B. 1800 में

C. 1937 में D. 1900 में

80. 'हिन्दी नये चाल में ढली - 1873' कथन किसका है?

A. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र B. रामविलास शर्मा

C. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल D. बालकृष्ण भट्ट

81. 'पेनीरीडिंग क्लब' की स्थापना किसने की?

A. बालकृष्ण भट्ट B. भारतेन्दु

C. प्रतापनारायण मिश्र D. श्रद्धाराम फिल्लौरी

82.स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 'सत्यार्थ प्रकाश' किस भाषा में लिखा?

A. खड़ीबोली गद्य B. व्रजभाषा गद्य

C. संस्कृत D. मराठी

83.ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की?

A. स्वामी दयानन्द सरस्वती

B. राजा राममोहन राय

C. केशवचन्द्र सेन

D. गोविन्द रानाडे

84.'अवध अखबार' के विरोध में हिन्दी को एक 'भद्दी बोली' किसने कहा था?

A. ग्रियर्सन B. डलहौजी

C. गार्सा द तॉसी D. रामराय

85. हिन्दी गद्य के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका रहा?

A. रामकृष्ण मिशन B. आर्य समाज

C. धर्म सभा D. इण्डियन सोसाइटी

86.निम्नलिखित संस्थाओं को उनके संस्थापकों से मिलाइए

| संस्थाएँ | संस्थापक |
|---|---|
| 1. रामकृष्ण मिशन | 1. दयानन्द सरस्वती |
| 2. आर्य समाज | 2. विवेकानन्द |
| 3. प्रार्थना समाज | 3. राजा राममोहन राय |
| 4. ब्रह्म समाज | 4. केशवचन्द्र सेन |
| | 5. नवीन चन्द्र राय |

A.1,2,3,4 B. 2,3,4,5

C.2, 1, 4, 3 D.5, 4, 3, 2

87. निम्न संस्थाओं 'उनके संस्थापकों से मिलाइए

संस्थाएँ | संस्थापक

1. थियोसोफीकल सोसाइटी — 1. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
2. धर्म सभा — 2. ब्लावत्सकी ओल्काट
3. इण्डियन सोसायटी ऑफ ओरिएण्टल आर्ट — 3. राधाकान्त देव
4. पेनी रीडिंग क्लब — 4. गगनेन्द्र नाथ ठाकुर

A. 1, 2, 4, 3 B. 2, 3, 4, 1
C. 1, 3, 4, 2 D.4, 3, 2, 1

88. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -

1. प्रार्थना समाज — 1.1828
2. ब्रह्म समाज — 2.1867
3. आर्य समाज — 3.1875
4. रामकृष्ण मिशन — 4.1897

A. 2, 1, 3, 4 B. 4,3,2, 1
C.2, 1, 4,3 D.3, 2, 4, 1

89. 'ज्ञान प्रदायिनी' पत्रिका का प्रकाशन किया

A. भारतेन्दु B. दयानन्द सरस्वती

C. राममोहन राय D. नवीनचन्द्र राय

90. आगरा में 'स्कूल बुक सोसायटी' की स्थापना कब हुई?

A. 1843 ई. B. 1833 ई.

C. 1854 ई. D. 1845 ई.

91. 'वेदान्त सूत्र' का हिन्दी गद्य में अनुवाद कराकर प्रकाशित कराने वाले कौन हैं?

A. राजा लक्ष्मण सिंह B. दयानन्द सरस्वती

C. राममोहन राय D. श्रद्धाराम फिल्लौरी

92. 'भारतेन्दु युग का साहित्य व्यापक स्तर पर गदर से प्रभावित है' यह वक्तव्य किसका है?

A. रामचन्द्र शुक्ल B. धीरेन्द्र वर्मा

C. हजारी प्रसाद द्विवेदी D. रामविलास शर्मा

93. भारतेन्दु युगीन साहित्य को 'जनवादी साहित्य' कहने वाले विद्वान् हैं -

A. रामविलास शर्मा B. जैनेन्द्र

C. डॉ. नगेन्द्र D. नामवर सिंह

94. 'भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है -

A. चार्टर एक्ट 1813 B. वुड घोषणापत्र

C. मैकाले शिक्षानीति D. चार्टर एक्ट 1823

95. 'संवादकौमुदी' पत्र किस वर्ष प्रकाशित हुआ?

A. सन् 1828 ई. B. सन् 1829 ई.

C. सन् 1821 ई. D. सन् 1828 ई.

96. 'कलकत्ता मदरसा' की स्थापना किसने की?

A. वेलेजली B. वारेन हेस्टिंग्स

C. एच. एच. विल्सन D. जे. एस. मिल

97. "हमारी भाषा पश्चिमी भाषाओं में सर्वश्रेष्ठ है, जिसे इस भाषा का ज्ञान प्राप्त है, उसे संसार के अपार ज्ञान भण्डार की प्राप्ति हो सकती है" कथन किसका है?

A. जे. एस. मिल　　　　B. जार्ज वुड

C. मैकाले　　　　D. एच. टी. प्रिंसेप

98. 'थियोसोफीकल सोसायटी' की शाखा भारत में कब खोली गयी?

A. सन् 1870 ई.　　　　B. सन् 1885 ई.

C. सन् 1893 ई.　　　　D. सन् 1882 ई.

99. 'संवाद कौमुदी' पत्रिका का प्रकाशन किसके नेतृत्व में हुआ?

A. दयानन्द सरस्वती　　　　B. राममोहन राय

C. गगनेन्द्र ठाकुर　　　　D. श्रद्धाराम फिल्लौरी

100. भारतेन्दु युग को 'पुनर्जागरण काल' कहने वाले इतिहासकार है?

A. डॉ. नगेन्द्र　　　　B. आचार्य शुक्ल

C. रामविलास शर्मा　　　　D. डॉ. महेन्द्र सिंह